आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

मांडविया

केंद्र सरकार पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्यों के लिए हज़ारों प्रशिक्षित मेरा युवा भारत आपदा मित्र तैनात करेगी। नई दिल्ली स्थित एम.वाई भारत मुख्यालय में उच्च स्तरीय बैठक में खेल और युवा कार्यक्रम मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कल यह जानकारी दी। उन्होंने एम. वाई. यानी मेरा युवा भारत स्वयं सेवकों और जिला युवा अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए जिलाधिकारियों के साथ मिलकर काम करें। एम.वाई. भारत राष्ट्रव्यापी प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे स्वयं सेवा और अनुभव सम्बंधी शिक्षा के माध्यम से युवाओं को जोड़ने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए बनाया गया है।

निर्मला सीतारामन

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि वस्तु और सेवा कर –जीएसटी की नई व्यवस्था से नागरिकों के उपभोग में सुधार होगा और इससे पुंजीगत व्यय पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा। सीतारामन ने कहा कि 99 प्रतिशत वस्तुओं और सेवाओं पर अब या तो शून्य या पांच से 18 प्रतिशत तक का जीएसटी लगेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार केन्द्र सरकार ने जीएसटी पर क्षतिपूर्ति मुआवजा और समग्र प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम और एल्कोहल उत्पाद जीएसटी के दायरे से बाहर होंगे। वित्तमंत्री ने बताया कि सरकार उन निर्यातकों की सहायता का प्रयास कर रही है, जिन पर 50 प्रतिशत अमरीकी आयात शुल्क का प्रभाव पड़ा है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में बादलों के बीच बारिश का क्रम रूक–रूककर जारी है हालांकि आगामी 24 घण्टों के दौरान मॉनसून की रफ्तार में कुछ कमी आई है जिससे प्रदेश में राहत कार्यों में तेजी आने की संभावना है। बारिश के कारण प्रदेश में जनजीवन बुरी तरह अस्त–वयस्त है जिसे पटरी पर लाने का युद्धस्तर पर प्रयास किया जा रहा है। मौजूदा मॉनसून सीजन में राज्य में सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान का प्रारंभिक आकलन लगभग 3 हजार 8 सौ करोड़ रूपये लगाया गया है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, वर्तमान सीजन में बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 360 लोगों की जान जा चुकी है और 47 लोग अब भी लापता हैं। वहीं मौसम विभाग ने आज से प्रदेश में मॉनसून के कमजोर पड़ने की संभावना जताई है।

बचाव अभियान

इस बीच चम्बा में मणीमहेश यात्रियों को रेस्क्यू करने का अभियान जारी है। पिछले कल शाम तक जहां भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकाप्टर के जरिए 524 श्रद्धालुओं को रेस्क्यू किया गया वहीं भरमौर में बचे अन्य श्रद्धालुओं को चम्बा पहुँचाने के लिए आज दो हेलीकाप्टर लगाए गए हैं। इस बीच भरमौर से रेस्कयू किए गए श्रद्धालु ने खुशी जताई और प्रशासन व केंद्र सरकार का धन्यवाद किया है।

*नाम यशपाल शर्मा हम हर हर महादेव लंगर सेवा कमेटी रोपड़ पंजाब से हैं बारिश की मौसम खराब था तीन–चार दिन हम वहां फंसे रहे बरसात का मौसम था और फिर प्रशासन की तरफ से*

*बताया गया कि आपको रेस्क्यू किया जाएगा रास्ते ब्लॉक है स्लाइडिंग बहुत जबरदस्त हो रही है उसके बाद आज हम 5 दिन के बाद रेस्क्यू किए गए हैं इसके लिए हम प्रशासन का धन्यवाद करते हैं*

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कल कुल्लू के अखाड़ा बाजार में आपदा स्थल का दौरा कर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धीरे–धीरे पूरे प्रदेश में जान माल के नुकसान का दायरा बढ़ता जा रहा है।

इसके बाद जयराम ठाकुर ने आपदा प्रभावित ऑल्ड मनाली का भी दौरा किया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 के मुकाबले सम्पंति का इस बार प्रदेश में ज्यादा नुकसान  हुआ है।

*नुकसान को अगर आकलन करें तो मैं सोचता हूं के 2023 का जो नुकसान हुआ था यह नुकसान उस काम नहीं उससे भी ज्यादा आने जाने के हमारे सारे रास्ते जो है नेशनल हाईवे पूरी तरह से डैमेज हुए पड़े हैं जिनको रिस्टोर करने के लिए वक्त लगेगा अभी तक हम देख रहे हैं उसकी भरपाई नहीं कर पाए पहले अगर प्राथमिकता है हिमाचल की संपत्ति अगर किसी आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुई है डैमेज हुई है पहली प्राथमिकता स्टेट गवर्नमेंट की रिस्पांसिबिलिटी है उनको रिस्टोर हाईवे डैमेज होता है तो नेशनल हाईवे को रिस्टोर करना ठीक तरह से यह केंद्र सरकार का विधायक तो है केंद्र सरकार लगातार पैसा दे रही है।*

———————————